E mail:principalhpl14@gmail.com
Website:-www.hewettpolytechnic.org

Phone no.:0522-2325097
Mob. No. :9453023297

# हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ

## "अपील / सूचना"

दिनांकः 24.01.2020

**प्रिय हीवेटियन्स,**

आपको सूचना देते हुये हर्ष हो रहा है कि पिछले सत्र में संस्था की प्रवेश क्षमता में की गयी कटौती को समाप्त करते हुये आगामी शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिये ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली ने, संस्था द्वारा लगभग सभी मानकों को पूरा कर देने के कारण, प्रवेश क्षमता पुनः 100% कर दी है। इसके विपरीत उ0प्र0 सरकार द्वारा सहायता प्राप्त 18 पॉलीटेक्निकों में से 09 पॉलीटेक्निकों की प्रवेश क्षमता आगामी सत्र से शून्य कर दी गयी है तथा अन्य कई संस्थाओं की प्रवेश क्षमताओं में 25% से 50% तक की कटौती कर दी गयी है। आपके अमूल्य सहयोग के लिए संस्था आपका आभार व्यक्त करती है।

संस्था द्वारा ए0आई0सी0टी0ई0, नई दिल्ली के लगभग 80% मानकों को अब पूरा कर लिया गया है। परन्तु इसी क्रम में छात्रावास को अभी दुरूस्त किया जाना शेष है। भाभा छात्रावास (सीनियर छात्रावास) जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। ऐसी अवस्था में छात्रों को छात्रावास का आवंटन करना सम्भव नहीं है। संस्था में अध्ययन करने वाले अधिकतर छात्र निम्न आय वर्ग से आते हैं जो मजबूरीवश किराये के कमरों में रहते हैं। ऐसी दशा में संस्था को आपकी सहायता की आवश्यकता है। अतः छात्रावास के जिस कमरे में आप रहते थे तथा जिसमें आपने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष गुज़ारे हैं उसकी मरम्मत के लिये अपना सहयोग प्रदान करें। इसलिये संस्था **"One Room One Alumni Scheme"** के तहत आपसे सहयोग की आशा रखती है।

पूर्व में एल्यूमनाई द्वारा प्राप्त सहयोग की कड़ी में श्री महेन्द्र प्रताप यादव, ब्रान्च इलेक्ट्रिकल इंजी0, वर्ष 1994 के एल्यूमनाई ने दिनांक 21.01.2020 को संस्था में उपस्थित होकर **रू0 1,01,000.00 मात्र (रू0 एक लाख एक हजार)** का चेक बुकबैंक की किताबें खरीदने हेतु दान स्वरूप संस्था को भेंट किया है। संस्था श्री महेन्द्र प्रताप यादव के लिए शुभकामनायें व्यक्त करती है।

आप अपनी सहयोग राशि डिमांड ड्राफ्ट / चेक / आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से **"हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ"** के पक्ष में संस्था के निम्न खाते में जमा कर सकते हैं:–

- **बैंक का नामः** **बैंक आफ इण्डिया**
- **शाखा का नामः** **महानगर, लखनऊ**
- **खाता संख्याः** **680420100100061**
- IFSC Code: BKID0006804

आपके सहयोग का आकांक्षी।

24.01.2020

**(डा0 यू0सी0 बाजपेयी)**
**प्रधानाचार्य**

Scanned by CamScanner